# प्रेस नोट दिनांक- 28.11.2024 जनपद प्रतापगढ़

## थाना मान्धाता, जनपद- प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी
मारपीट, गाली गलौज व हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार
गिरफ्तार अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद बाँस का डण्डा बरामद
थाना मान्धाता पुलिस टीम नें थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुमेरपुर पुलिया के पास से 01अभियुक्त गिरफ्तार
घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 13.07.2024 को थाना मान्धाता क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुमेरपुर निवासी वादी व उसके परिजनों के साथ आरोपीगणों द्वारा एकराय होकर जान लेने के नियत से लाठी, डण्डो व कुल्हाड़ी से मारपीट करने आदि आरोपों में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 111/24 धारा 191(2), 109, 115(2), 352, 351(2), 117(2) बी0एन0एस0 बनाम 07 नामजद अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना मान्धाता श्री सुभाष यादव के कुशल नेतृत्व में व0उ0नि0 लाखन सिंह भदौरिया मय हमराह का0 हरिपाल द्वारा आज दिनांक 28.11.2024 को देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 111/24 धारा 191(2), 109, 115(2), 352, 351(2), 117(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त शैलेश कुमार पुत्र रामचन्द्र नि0 सुमेरपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के सुमेरपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर 01 अदद बांस का डंडा बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण -

1- शैलेश कुमार पुत्र रामचन्द्र नि0 सुमेरपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी- घटना में प्रयुक्त 01 अदद बाँस का डण्डा बरामद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -

व0उ0नि0 लाखन सिंह भदौरिया मय हमराह का0 हरिपाल थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

## थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी-

थाना फतनपुर पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास, मार-पीट, गाली- गलौज से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

थाना फतनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत नौडेरा स्थित शिवकुमारी दूबे महाविद्यालय के गेट के आगे नहर के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-

दिनांक 27.11.2024 की सुबह को थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत पटहटिया कला (सेनापुर) में वादी को विपक्षीगणो द्वारा जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करना, मार- पीट करना, हत्या का प्रयास किया गया था-
घटना स्थल का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 27.11.2024 की सुबह को थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत पटहटिया कला (सेनापुर) में वादी को विपक्षीगणो द्वारा एक राय होकर गाली- गलौज, धमकी देते हुए मार-पीट करना, हत्या का प्रयास करने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-251/24 धारा-191(2), 191(3), 115(2), 352, 109, 118(2), 351(3) बीएनएस बनाम 09 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना फतनपुर के प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश कुमार राय के नेतृत्व में उ0नि0 विकास निषाद मय हमराह हे0का0 राजेश यादव, का0 विवेक यादव द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-251/24 धारा-191(2), 191(3), 115(2), 352, 109, 118(2), 351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित 02 अभियुक्तों 1. संदीप कुमार पुत्र स्व0. गंगाप्रसाद यादव 2. रमाकान्त पाल पुत्र स्व. रामदुलार पाल नि0गण पटहटियाकला थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र फतनपुर के नौडेरा स्थित शिवकुमारी दूबे महाविद्यालय के गेट के आगे नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
1. संदीप कुमार पुत्र स्व. गंगाप्रसाद यादव निवासी ग्राम पटहटिया कला थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।
2. रमाकान्त पाल पुत्र स्व. रामदुलार पाल निवासी ग्राम पटहटिया कला थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।
पुलिस टीम-
उ0नि0 विकास निषाद मय हमराह हे0का0 राजेश यादव, का0 विवेक यादव थाना फतनपुर, प्रतापगढ़।

## <u>थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ</u>

थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-
पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह, का0 रिनेश कुमार देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0अ0सं0 131/1996 धारा 323, 504, 506, 325 भादवि व 3(1) एसी/एसटी एक्ट से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त बच्चा पुत्र दीनदयाल निवासी फुलवारी थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का विवरण- बच्चा पुत्र दीनदयाल निवासी फुलवारी थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ।
पुलिस टीम- उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह, का0 रिनेश कुमार थाना कोतवाली देहात, जनपद- प्रतापगढ़।

## सड़क पर चढ़ा शुरूर तो जेल जाओगे जरूर

17 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने पर  थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर नियमानुसार धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ ने दिए खुलेआम नशेबाजी करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश
जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों/शराब का सेवन करनें वालों पर कारवाई के निर्देश
"आपरेशन नशा मुक्ति" चलाकर पुलिस उतारेगी नशेबाजों के नशा का शुरूर
कार्यवाही के साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति किया जा रहा जागरूक
कानून व्यवस्था को मजबूत रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ ही मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है मकसद
नशे के कारण परिवार को बिखरने से बचाना व युवा पीढ़ी को इस ज़हर से दूर रखना प्रतापगढ़ पुलिस का उद्देश्य

शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी/ पश्चिमी) एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण/मार्गदर्शन में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा "आपरेशन नशा मुक्ति" अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों/शराब का सेवन करनें तथा अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।
उक्त अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष थाना नवाबगंज धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में दिनांक 27.11.2024 को 17 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने पर पुलिस हिरासत में लेकर नियमानुसार धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।
प्रतापगढ़ पुलिस ऐसे लोगों के विरुद्ध मात्र कार्यवाही ही नहीं कर रहीं बल्कि ऐसे सभी लोगों को मादक पदार्थों /शराब के सेवन से होने वाले आर्थिक व शारीरिक हानि के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा व परिवार के सदस्यों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के सम्बन्ध में विधिवत जागरूक किया जा रहा तथा आगे से मादक पदार्थों का सेवन न करने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार ने इस सम्बन्ध में कहा कि मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के 90 दिवसीय अभियान के तहत जनपद के समस्त अधिकारी व थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष को "आपरेशन नशा मुक्ति" अभियान लगातार चलाकर शराबी, नशेड़ी एवं अन्य प्रकार के माद पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं ऐसे संदिग्ध स्थलों (हाट स्पॉट) का चिन्हीकरण करते हुए प्रभावी/विधिक कार्यवाही किये जाने के साथ ही लोगों को जागरूक किये जाने हेतु सख्त निर्देश दिये गये हैं।
“आपरेशन नशा मुक्ति” अभियान निरन्तर पूरे जनपद में चलाया जाएगा।